सं. 05/02/2023 – रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी –II भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 30 मई, 2024

कार्यालय आदेश

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के श्री पांडेय राकेश, सहायक निदेशक ने सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान (आईएसटीएम) के दिनांक 06 मई, 2024 के कार्यालय आदेश सं. ए – 20011/1/2019 – आईएसटीएम के अनुसरण में दिनांक 13.05.2024 (पूर्वाह्न) को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण किया। इसके अतिरिक्त सुश्री प्रतिमा कुमारी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के दिनांक 14.05.2024 के कार्यालय आदेश सं. 155/2024 के अनुसरण में 16.05.2024 (पूर्वाह्न) को राजभाषा विभाग में कार्यभार ग्रहण किया। श्री पांडेय राकेश, सहायक निदेशक तथा सुश्री प्रतिमा कुमारी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी की निम्नानुसार तैनाती की जाती है:-

क्र.सं.	नाम / पदनाम	वर्तमान तैनाती	तैनाती का कार्यालय
1.	श्री पांडेय राकेश, सहायक निदेशक	तैनाती अधीन	विधायी विभाग
2.	सुश्री प्रतिमा कुमारी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी	तैनाती अधीन	उपभोक्ता मामले विभाग

2. राजभाषा विभाग में कार्यभार ग्रहण करने के दौरान श्री पांडेय राकेश, सहायक निदेशक को दिनांक 13 मई, 2024 पूर्वाह्न से 30 मई, 2024 पूर्वाह्न तक की अवधि के दौरान अनिवार्य प्रतीक्षा (Compulsory Waiting) तथा सुश्री प्रतिमा कुमारी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी को दिनांक 16 मई, 2024 पूर्वाह्न से 30 मई, 2023 पूर्वाह्न तक की अवधि के दौरान अनिवार्य प्रतीक्षा (Compulsory Waiting) में रखा गया। श्री पांडेय राकेश ने दिनांक 16, 21, 22 तथा 28 मई, 2024 (कुल 04 दिन) का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करवाया है तथा सुश्री प्रतिमा कुमारी ने दिनांक 17,21,28 तथा 29 मई, 2024 (कुल 04 दिन) का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करवाया है। अनिवार्य प्रतीक्षा की अवधि के वेतन का भुगतान संबंधित कार्मिकों की तैनाती के मंत्रालय/विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

3. यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

30/5/2024

(राजेश कुमार)
सहायक निदेशक (सेवा)

सेवा में

1. अवर सचिव (प्रशासन/ स्थापना), सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान (आईएसटीएम), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, प्रशासनिक ब्लॉक, जे. एन. यू. कैम्पस (ओल्ड), नई दिल्ली को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि श्री पांडेय राकेश, सहायक निदेशक की सेवापंजी, एलपीसी इत्यादि दस्तावेज विधायी विभाग में सीधे ही भिजवा दिए जाएं।
2. अवर सचिव (प्रशासन/ स्थापना), भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि सुश्री प्रतिमा कुमारी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी की सेवापंजी, एलपीसी इत्यादि दस्तावेज उपभोक्ता मामले विभाग में सीधे ही भिजवा दिए जाएं।
3. अवर सचिव (प्रशा./ स्थापना), विधायी विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
4. अवर सचिव (प्रशा./ स्थापना), उपभोक्ता मामले विभाग, कृषि भवन, नई दिल्ली।
5. श्री पांडेय राकेश, सहायक निदेशक, राजभाषा विभाग, एन डी सी सी – II भवन, नई दिल्ली।
6. सुश्री प्रतिमा कुमारी, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा विभाग, एन डी सी सी – II भवन, नई दिल्ली।
7. तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया इस कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।
8. गार्ड फाईल।